संख्या : 4495 / 1–10–2007–14 (31) / 2007

प्रेषक,

उमेश सिन्हा,
सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

श्री सी0 भीमन,
निदेशक लेखा,
एयर हेड क्वार्टर,
वेस्ट ब्लाक –6, आर0के0 पुरम्,
नई दिल्ली –110066

राजस्व अनुभाग –10 दिनांक : दिसम्बर 26 , 2007

विषय : **वर्ष 1999 में भूकम्प राहत कार्यो के लिये एयर लिफ्टिंग हेतु धन आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या Air HQ/26001/SG-UP/ Accts/B&R दिनांक 15.10.2007 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें। वर्ष 1999 में उ0प्र0 में आये भूकम्प राहत कार्य हेतु दिनांक 03–05 अप्रैल, 1999 में किये गये एयर लिफ्टिंग कार्यो हेतु रुपया 53.55 लाख की धनराशि की मॉग विषयक अपने उपरोक्त पत्र के साथ सूचित बिल सं0 Air HQ/26001/SG-UP/1/Accts, for Rs. 5355000/- दिनांक 29.08.2001 के भुगतान की स्वीकृति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं।

उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2007–08 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–51 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक "2245 –प्राकृतिक विपत्तियॉ के कारण राहत–आयोजनेतर–05–आपदा राहत निधि–800–अन्य–03–राष्ट्रीय आपदा निधि से व्यय–42–अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

–2

उक्त के सम्बन्ध में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लखनऊ द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट सं0 179550 दिनांक 24-12-07 संलग्न कर प्रेषित है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

संलग्नक : **बैंक ड्राफ्ट अंकन रु0 53.55 लाख।**

भवदीय,

(उमेश सिन्हा)
सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त

संख्या : 4495(1)/1–10–2007–14 (31)/2007 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महालेखाकार(लेखा)/महालेखाकार(आडिट प्रथम) उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग –5।
3. सचिव, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र सं0 1431/छप्पन/2001–4/94 टी.सी. दिनांक 09.01.2002 के सन्दर्भ में।
4. रेजीडेन्ट कमिश्नर, उ0प्र0 शासन को उनके पत्र सं0 2121/आर0सी0/2007 दिनांक 31.10.2007 के सन्दर्भ में।
5. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, राहत आयुक्त संगठन।
6. राजस्व अनुभाग –10/11 को गार्ड बुक हेतु।
7. परियोजना प्रबन्धक, राहत आयुक्त संगठन को बेवसाइट पर अपडेट हेतु।
8. गार्ड फाईल।

(उमेश सिन्हा)
सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त